कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, कन्नौज।

पत्र संख्या– /जि०का०अधि०/बा०वि०परि०/विज्ञप्ति/2023–24 दिनांक– 27, सितम्बर, 2024

विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या–19/2023/3975/50–1–2022– 2/1(22)10टी.सी. दिनांक 21 मार्च, 2023 में वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद कन्नौज के शहरी/ग्रामीण परिक्षेत्रों में संचालित बाल विकास परियोजना में आंगनवाड़ी कार्यकत्री के मानदेय पर आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रकिया के तहत विभागीय वेब साइट https://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। रिक्त पदों का ग्राम पंचायतवार/वार्डवार /परियोजनावार विवरण निम्नवत् हैः–

आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के रिक्तयों का विवरण :–

कम सं0	परियोजना का नाम	रिक्त पद की आरक्षण श्रेणी			
		अनु0 जाति	अन्य पिछड़ा वर्ग	अनारक्षित	ई0डब्लू0एस0
01	तालग्राम	1	1	7	0
02	ग्रामीण	0	1	4	0
03	छिबरामऊ	5	1	4	1
04	उमर्दा	10	24	26	4
05	हसेरन	2	1	1	0
06	जलालाबाद	7	7	12	1
07	गुगरापुर	3	2	2	1
08	सौरिख	0	4	0	0
09	शहर	2	1	0	3
	योग	30	42	56	10

(नोटः– उपरोक्त तालिका में वर्णित रिक्त पदों की संख्या विभागीय स्थिति के आधार पर घट बढ़ सकती है।)

उपरोक्त पदों का ग्राम पंचायतवार/वार्डवार /परियोजनावार विवरण एवं आरक्षण सहित अर्हता का पूर्ण विवरण जनपद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील एवं विकास खण्ड इत्यादि कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है साथ ही विभागीय वेबसाइट https://up anganwadibharti.in पर अपलोड है।

विज्ञप्ति पदों की अर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु विशेष निर्देश :–

1. विज्ञाप्ति पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होगें।
2. रिक्त आंगनवाड़ी कार्यकत्री हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट एवं उसके समकक्ष होगी।
3. आवेदिका को रिक्त पद के वार्ड/ग्राम सभा को स्थाई निवासी एवं ग्राम सभा में उक्त श्रेणी में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की स्थिति में संबंधित न्याय पंचायत की स्थाई निवासी होना अनिवार्य होगा।
4. आवेदिका की आयु निर्धारित कट ऑफ तिथि को न्यूनतम 18 वर्ष एवं 35 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए। आयु की गणना तिथि जुलाई 2024 निर्धारित की गयी है तथा उसे के अनुसार आयु की गणना की जायेगी।
5. **विज्ञाप्ति पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि दिनांक 27.09.2024 से 17.10.2024 मध्य रात्रि 12:00 बजे तक होगी।**

वरीयता :–

1. उसी ग्राम सभा/वार्ड (शहरी क्षेत्रों में) की निवासी, गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों, विधवा महिला/विधिक तलाकशुदा/परित्यकता महिला ।
2. विधवा महिला/तलाकशुदा/परित्यकता महिला के गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार का अभ्यर्थी न मिलने पर उसी ग्राम सभा/वार्ड (शहरी क्षेत्रों में) की गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार की अन्य महिला।

नोट :–

1. विधवा हेतु ग्राम पंचायत अधिकारी/सम्बन्धित नगर निकाय द्वारा निर्गत मृत्यु प्रमाणपत्र एवं परिवार पंजिका की नकल हीं मान्य होंगे।
2. तलाकशुदा/परित्यागता के सम्बन्ध में मा० न्यायालय द्वारा निर्गत विधिक आदेश मान्य होगें।
3. आय के सम्बन्ध में तहसील द्वारा निर्गत नवीन (विज्ञापन जारी होने की तिथि से 06 माह पूर्व का मान्य नहीं) ऑनलाइन डिजिटल हस्ताक्षर से निर्गत आय प्रमाण–पत्र ही मान्य होंगे, जिनका ऑनलाइन सत्यापन सम्भव हो।

उपरोक्त विज्ञप्ति पदों की अर्हता एवं आवेदन करने की प्रक्रिया सहित विस्तृत प्रपत्र एवं सूचना विभागीय वेबसाइट https://upangan wadibharti.in पर उपलब्ध है, साथ ही अधिक जानकारी हेतु विकास खण्ड के बाल विकास परियोजना कार्यालय अथवा विकास भवन में जिला कार्यक्रम अधिकारी (बाल विकास विभाग) कार्यालय से कार्यालय दिवस में निर्धारित जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

(राजेश कुमार वमी)
जिला कार्यकम अधिकारी
कन्नौज।

प्रष्ठांकन संख्या– C-621 /तददिनांक।

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

01–निदेशक महोदया, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार उ0प्र0 लखनऊ।
02–जिलाधिकारी महोदय, कन्नौज।
03–अपर जिलाधिकारी/वि0/रा0(चयन समिति अध्यक्ष) महोदय, कन्नौज।
04–मुख्य विकास अधिकारी महोदय, कन्नौज।
05–उप निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार उ0प्र0 लखनऊ।
06– डी0सी0 मनरेगा, जिला पंचयत राज अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, (चयन समिति सदस्य) कन्नौज।
07–जिला सूचना अधिकारी कन्नौज को इस अनुरोध के साथ कि उक्त विज्ञप्ति निःशुल्क दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
08–समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी जनपद कन्नौज।
09–कार्यालय प्रति।

27/09/24

जिला कार्यकम अधिकारी
कन्नौज।